प्रादेशिक समाचार
07.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि आम चुनाव 2024 की घोषणा के बाद से केवल बीस दिन में ही सुविधा पोर्टल पर 73 हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। सुविधा पोर्टल के माध्यम से, चुनाव प्रचार अवधि के महत्व को देखते हुए, रैलियां आयोजित करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने, घर–घर जाकर प्रचार, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट प्राप्त करने और प्रचार सामग्री वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है। सुविधा पोर्टल पर झारखंड से अबतक दो सौ सत्तर आवेदन दिये गये हैं।

****

विधि विभाग ने देवघर की त्रिकूट रोपवे दुर्घटना की जांच रिपोर्ट के आधार पर इसके संचालक कंपनी पर नौ करोड़ 11 लाख का अर्थ दंड लगाने और उसे ब्लैक लिस्ट करने के मामले में अपनी सहमति दे दी है। दुर्घटना के बारे में उच्चस्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) के निदेशक मंडल ने संचालक पर 9.11 करोड़ रुपये का अर्थदंड लगाने और ब्लैक लिस्ट करने का फैसला किया था। पर्यटन विभाग ने निगम के इस फैसले पर विधि विभाग से राय मांगी थी। जैसा कि आपको मालूम है कि देवघर के त्रिकुट पहाड़ पर 10 अप्रैल 2022 को रोपवे पर दुर्घटना हुई थी, जिसमें तीन यात्रियों की मौत हो गयी थी।

****

स्वास्थ्य को लेकर वैश्विक स्तर पर जागरूकता लाने के लिए आज विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष के लिए थीम रखा है– मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार। इसका उद्देश्य आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में रह रहे विश्व के लगभग साढ़े चार अरब लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूक करना है।

****

रामगढ़ जिले के आठ स्कूलों का चयन पीएम श्री योजना के लिए किया गया है।

****

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देवघर जिला प्रशासन अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है। उत्पाद विभाग और पुलिस की टीम ने मोहनपुर थाना क्षेत्र के होटलों एवं ढाबों में छापेमारी कर सात लोगों को गिरफतार किया है। वहीं, पथरोल थाना क्षेत्र के जसोबांध, गोसुआ, सिमरा मोड़ और मधुपुर थाना क्षेत्र के पथरचट्टी रोड में भी छापामारी कर विदेशी शराब जब्त करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

****

गोड्डा जिले में अवैध बालू खनन पर रोक लगाने के लिए छापेमारी की जा रही है। इस क्रम में जिले के पथरगामा थाना अंतर्गत देर रात रजौन मोड़ के समीप अवैध बालू लदा हाईवा और एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। पथरगामा थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध बालू की ढुलाई किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगा।

****

वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन की झारखंड इकाई की ओर से जमशेदपुर के विष्टुपुर स्थित मिलानी हॉल में स्टेट योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। फेडरेशन के इंटरनेशनल अध्यक्ष शिवम भदोरिया ने कहा कि हम योगासन को खेल से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशु सरकार ने बताया कि इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में रांची, देवघर, बोकारो, धनबाद सहित 12 जिलों के 350 महिला और पुरुष प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में दिव्यांग और 60 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी भी शामिल हो रहे हैं।

****

आईपीएल क्रिकेट में आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। मैच दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा। लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। ये मैच शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

****** समाप्त ******